www.facebook.com/FairReport Instagram @Fair_report @fairreportnews

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Thursday, 04 Septmber 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 09 | Pages 04 | ₹3.00

## Class IV girl suffers eye injury in assault by teacher; FIR filed

FAIR REPORT

**Bhubaneswar, Sept 3:** A Class IV student of a private school here Wednesday sustained an eye injury following an alleged assault by her mathematics teacher, police said.

The family members of the student lodged a formal complaint at the Khandagiri police station seeking action against the teacher.

According to the complaint, the nine-year-old student was attending a mathematics class when the teacher allegedly struck her, causing an injury to her left eye.

"My math madam was teaching division. When asked twice, she assaulted me in my eye," said the student. As the girl was bleeding and crying, she was rushed for medical attention soon after the incident.

The family members of the girl student took her to an eye hospital for treatment. One of the family members said, "The doctor informed us that the eyelid, retina, and lens were damaged due to the assault. Whether she can get her vision back or not can be ascertained after healing of her eyelid injury."

"We suspect that my daughter suffered a serious eye injury as the teacher struck her strongly with the ring," the girl's father said.

Following the complaint, Khandagiri police registered a case and launched an inquiry into the incident, a police officer said. The accused teacher denied intentional harm, claiming she only "lightly pushed the child's cheek" and regretted the outcome. "I didn't mean to hurt her. It was accidental," she said.

The school management has not issued any official statement. Any kind of harassment and corporal punishment of students is prohibited under the Right to Education Act and other child protection laws.



**DELHI DELUGE:** People use a boat to move through a flooded area as the water level of the Yamuna River continues to rise, in New Delhi, Wednesday. More than 7,500 people have been evacuated from low-lying flooded areas as the Yamuna level rose to 207 metres at the Old Railway Bridge (ORB) Wednesday at 1 pm, officials said

## America at the Edge of Recession: India's Strategic Moment



**Hemraj Tikam chand Tiwari**

*Journalist*

**Moody's warns of a potential U.S. downturn by late 2025. Will India withstand the global chill—or turn crisis into opportunity?**

Current Signals from the U.S.
Latest Data
Inflation (July 2025): Headline 2.7% YoY, Core 3.1%
Unemployment: 4.2%
GDP: +3.3% annualized in Q2 (after -0.5% in Q1)
Fed Rate: 4.25–4.50% (unchanged July 30)
LEI: 98.7, six-month fall of -2.7%
Moody's: "Several U.S. states already in recessionary grip"
"The American economy stands on the edge—neither collapsing nor confidently growing."
Scenarios for 2025–26
Base Case: Growth 1–1.6%, inflation ~3%
Risk Case: Stagflation with 0% growth + 3.5% inflation
Positive Case: Inflation drops to 2–2.5%, Fed cuts support demand
India's Mirror
Domestic Picture
CPI (July 2025): 1.55%, lowest since 2017
GDP (Q1 FY26): 7.8% YoY
Repo Rate: 5.50%, neutral stance
Services PMI (Aug): 62.9, a 15-year high

Three Outcomes for India
Soft Landing (Likely):
INR 82–85
India CPI 2–3.5%
Exports stable, domestic demand strong
Recession-Lite:
INR 85–87
CPI 3–4%
IT & manufacturing under pressure; oil bill eases
Adverse Shock:
INR 87+
RBI intervention
Exports/IT revenues weaken; domestic cushion saves growth
Pull-Quote:
"If America sneezes, the world catches a cold. This time, India may have the immunity to withstand it."
Strategic Priorities
Hedge USD exposures (watch CPI >3.5%, unemployment >4.5%)
Diversify exports toward ASEAN, Europe, Middle East
Lock commodity input costs with fixed-price windows
Rebalance IT portfolios toward healthcare, public services, cybersecurity
The U.S. economy may yet escape the worst, but uncertainty will dominate global markets through 2025–26. For India, resilience is not just a safeguard—it can be a strategic advantage. Strong domestic consumption and historically low inflation give New Delhi and Indian businesses the chance to turn global fragility into national strength.

# GST RATES OVERHAULED

FAIR REPORT

- **Slabs cut to two: 5% & 18%, 40% for super luxury items**
- **New rates, except for tobacco products, effective Sept 22**
- **Life insurance, health policies exempted**



**New Delhi, Sept 3:** Common use items from roti/paratha to hair oil, ice creams and TVs will cost less, while tax incidence on personal health and life insurance will be brought down to nil after the all-powerful GST Council Wednesday approved a complete overhaul of the tangled Goods and Services Tax (GST) regime.

The GST Council approved limiting slabs to 5 per cent and 18 per cent effective from September 22, the first day of Navaratri.

Almost all personal-use items will see rate cuts as the government looks to boost domestic spending and cushion the economic blow of the US tariffs.

Briefing reporters after a marathon day-long GST Council meeting, Union Finance Minister Nirmala Sitharaman said all decisions were taken unanimously, with no disagreement with any state.

The panel approved simplifying the GST from the current four slabs - 5, 12, 18 and 28 per cent, to a two-rate structure - 5 and 18 per cent. A special 40 per cent slab is also proposed for a select few items such as high-end cars, tobacco and cigarettes.

The new rates for all products, except pan masala, gutkha, cigarettes, chewing tobacco products like zarda, unmanufactured tobacco and bidi, will be effective September 22, she said.

While daily use food items will continue to attract nil tax rate, tax rate has been slashed to nil from 5 per cent on ultra-high temperature milk, chhena or paneer, pizza bread, khakra, plain chapati or roti.

Nil will also be the tax on paratha (currently charged at 18 per cent). Common use food and beverages ranging from butter and ghee to dry nuts, condensed milk, cheese, figs, dates, avocados, citrus fruits, sausages and meat, sugar boiled confectionery, jam and fruit jellies, tender coconut water, namkeen, drinking water packed in 20-litre bottles, fruit pulp or fruit juice, beverages containing milk, ice cream, pastry and biscuits, corn flakes and cereals, and sugar confectionery are likely to see a cut in tax rate to 5 per cent from current 12 per cent or 18 per cent. Erasers, maps, pencil sharpeners and exercise books will be charged at nil from 5 per cent.

Consumer goods such as tooth powder, feeding bottles, tableware, kitchenware, umbrellas, utensils, bicycles, bamboo furniture and combs will see rate cut from 12 per cent to 5 per cent. The same on shampoo, talcum powder, toothpaste, toothbrushes, face powder, soap and hair oil has been cut down from 18 per cent to 5 per cent.

She said all individual life and health insurance policies will now attract nil tax in a bid to boost coverage.

Cement will cost less with the tax rate coming down from 28 per cent to 18 per cent. Petrol, LPG and CNG vehicles of less than 1,200 cc and not more than 4,000 mm length and diesel vehicles of up to 1,500 cc and 4,000 mm length would move to 18 per cent rate from the current 28 per cent.

Motorcycles up to 350 cc, consumer electronics like ACs, dishwashers, and TVs too would be taxed at a lower GST of 18 per cent as against 28 per cent currently.

All automobiles above 1,200 cc and longer than 4,000 mm as well as motorcycles above 350 cc, yachts and aircraft for personal use, and racing cars will be charged with a 40 per cent levy. Aerated drinks containing added sugar will be taxed at 40 per cent. EVs will continue to be charged at 5 per cent.

The financial implication of the rate rationalisation would be ₹48,000 crore and this would be fiscally sustainable, Revenue Secretary Arvind Shrivastava told reporters here.

The decision by the GST Council would bring down the overall premium as the tax component has significantly come down.

The move to simplify the tax regime - first announced by Prime Minister Narendra Modi in his Independence Day speech - comes as India's exports to the US face a 50 per cent tariff - the highest in the world.

The Indian economy is heavily reliant on consumption with private consumption accounting for 61.4 per cent of the nominal GDP last fiscal.

The GST reforms are likely to boost the economy by up to 0.5 percentage point by the second year of its implementation, effectively neutralising the full impact of the US tariff, economists said.

Tobacco, gutka, tobacco products and cigarettes will continue to be charged at current 28 per cent plus a compensation cess till such time that loans taken to pay states for revenue loss is fully paid back, Sitharaman said.

The 40 per cent tax will also be levied on services by a race club, leasing or rental services, and casinos/gambling/horse racing/lottery/online money gaming. Supply of service of third-party insurance of goods carriage will now attract 5 per cent with ITC from 12 per cent with ITC.

## 6 of family including minor get life term

FAIR REPORT

**Nabarangpur, Sept 3:** A local court Wednesday handed down life imprisonment to six members of a family including a minor after convicting them in a 2022 murder case.

The Additional District and Sessions Judge Bishnu Prasad Mishra here passed the order after examining the statements recorded by 25 witnesses. The judge also slapped a penalty of ₹10,000 on the convicts, apart from the punishment. In default, the convicts have to undergo an additional six months of imprisonment. This was stated here by Additional Public Prosecutor Santosh Kumar Mishra who pleaded the matter on behalf of the state government. The judge delivered the verdict after examining depositions from 25 witnesses, Mishra said.

According to case records, a land dispute escalated in Baramasi village under Kodinga police limits August 9, 2022. In the violence that ensued over land dispute, the accused assaulted another family leading to death of Damburu Pujari. Police registered a case (114/2022) and submitted a chargesheet in the court during trial. The matter was registered as Sessions Case No. 75/2022 and Juvenile Court Case No. 7/2022 and trial was held.

## IRREGULAR by MANJUL




**You gave us 22 years, give us 22 more—the country will be developed, and no rat will dare bite a newborn in hospital**

# *Flanked by Putin, Kim, China's Xi flexes muscles*

***In a first, China unveils a range of new weapons systems during its massive military parade***

FAIR REPORT

**Beijing, Sept 3:** President Xi Jinping said Wednesday that the rejuvenation of the Chinese nation is unstoppable as the country's military displayed for the first time some of its brand-new weapons, including hypersonic, laser and long-range ballistic missiles.

Addressing an impressive parade to commemorate the 80th anniversary of China's victory against Japanese aggression in World War II, Xi said, the Chinese nation is never intimidated by any bullies and always forges ahead, in a veiled dig at US President Donald Trump's tariff threats. "History cautions us that humanity rises and falls together," he said.



He called on the People's Liberation Army (PLA) to provide strategic support for national rejuvenation and make greater contributions to world peace and development.

The Chinese military, for the first time, displayed in the parade some of its most advanced military hardware in an apparent show of strength to the world, especially the US.

Xi, who heads the Central Military Commission (CMC), the overall high command of the PLA, asked the Chinese military to build itself into a world-class force and resolutely safeguard national sovereignty, unity and territorial integrity.

China is the second-largest defence spender after the US. Its annual defence budget this year amounted to USD 250 billion.

Besides the military hardware, the parade also showcased China's diplomatic power as 26 foreign leaders, including Russian President Vladimir Putin and North Korean leader Kim Jong Un, attended the event.

From India's neighbourhood, Pakistan Prime Minister Shehbaz Sharif, Nepal Prime Minister KP Sharma Oli and Maldives President Mohamed Muizzu took part in the event.

India's Ambassador to China, Pradeep Kumar Rawat, attended the event, according to sources. Leaders from the US and heads of the European Union, besides Japan and South Korea, have stayed away from the parade.

The presence of foreign leaders at the parade has become a diplomatic spat between Japan and China after Tokyo urged the world leaders to refrain from attending. China lodged a diplomatic protest with Japan for its request to the world leaders not to attend the event.

In his speech, Xi said victory against Japan in WWII marks China's first complete victory against foreign aggression in modern times.

At the parade, China displayed a range of new weapon systems, which included new-type DF-5C liquid-fuelled intercontinental strategic nuclear missiles.

## SHORT TAKES

### Managing committee okays queue system

**Puri:** The newly constituted Sri Jagannath Temple Managing Committee (MC) Wednesday approved the introduction of a queue system in the temple. The committee also endorsed all major decisions taken by the temple administration during the past year, including arrangements for the annual Rath Yatra.

The queue system will first be implemented on an experimental basis to identify shortcomings in its execution. Temple Chief Administrator Arabinda Padhee said the new system, along with elevated platforms, would help devotees have an easier darshan of the deities. The Archaeological Survey of India (ASI) has already granted approval for the initiative. A proposal to allow differently-abled and elderly devotees to use the ramp at the North Gate of the temple was also discussed.

### India kills us with tariffs: Trump

**New York/Washington:** India kills the US with tariffs and the country has now offered "no tariffs" to America, President Donald Trump has said, amid New Delhi's escalating tensions with Washington over his administration's policies on trade and tariff. "They have tariffs against us. China, which kills us with tariffs. India kills us with tariffs. Brazil kills us with tariffs," Trump said in an interview with The Scott Jennings Radio Show Tuesday. Trump added that he understands tariffs better than other countries. "I understood tariffs better than any human being in the world. And now with my tariffs, they were all dropping them. India was the most highly tariffed nation... And you know what, they've offered me no tariffs in India anymore. No tariffs," Trump said.

## Editorial

# उम्मीदों की चिप से हौसलों की उड़ान भरता भारत

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढ़ेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे "विक्रम" नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है।

अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। "विक्रम" माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वेदशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं।

32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है।

## राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण विधेयक 2025 पारित

# नियमों की पालना करने वाले कोचिंग संस्थानों को मिलेगा प्रोत्साहन

- बनेगा वेब पोर्टल, सभी कोचिंग संस्थानों की जानकारी होगी उपलब्ध
- नियम उल्लंघन पर 50 हजार से 2 लाख रुपए तक जुर्माना

FAIR REPORT

**जयपुर।** राजस्थान कोचिंग सेन्टर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 विधानसभा में बुधवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। इससे पहले उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह केवल कानून नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह विधेयक लाखों अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों से सीधा जुड़ा है।

डॉ. बैरवा ने सदन में कोचिंग विधेयक पर चर्चा के बाद कहा कि पहले संशोधन में कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण के लिए न्यूनतम विद्यार्थियों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 की गई है ताकि छोटे व असंगठित कोचिंग सेंटर अपनी सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध करा सकेंगे। दूसरे संशोधन में कोचिंग संस्थाओं द्वारा अनियमितता करने पर शास्ति को 2 लाख रुपए से घटाकर 50 हजार रुपए तथा द्वितीय बार में 5 लाख रुपए से घटाकर 2 लाख रुपए की गई। इसके बाद भी उल्लंघन जारी रहने पर पंजीकरण रद्द करने का प्रावधान किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संतुलन और न्याय में विश्वास रखती है। इसका प्रमाण यह विधेयक है। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों का राज्य की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधेयक कोचिंग संस्थान विरुद्ध नहीं है बल्कि सभी कोचिंग संस्थानों द्वारा समान मापदंडों का पालन करवाने के लिए है। नियमों की पालना करने वाले कोचिंग संस्थानों को प्रोत्साहन मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में आत्महत्या को रोकने के लिए और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए विधेयक में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के भावना के अनुरूप है। इसके जरिए विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




### हमारा लक्ष्य : संवेदनशील बनें कोचिंग संस्थान-

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोचिंग संस्थान संवेदनशील बनें। उन्होंने कहा कि विधेयक में परिस्थिति व आवश्यकतानुसार भविष्य में संशोधन किया जा सकता है। डॉ. बैरवा ने कहा कि यह विधेयक विद्यार्थियों के जीवन की नई रोशनी बनेगा, अभिभावकों को भरोसा देगा।

### बिना राजकीय पंजीकरण के संचालित नहीं होंगे कोचिंग संस्थान

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य विद्यार्थियों को सम्मान दिलाने के साथ सशक्त नागरिक बनाना भी है। विधेयक के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में दूरगामी और महत्वपूर्ण सुधार सुनिश्चित किए गए हैं। अब कोई भी कोचिंग संस्थान बिना राजकीय पंजीकरण के संचालित नहीं हो सकेगा। पंजीकरण के लिए उचित मापदंड का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान रैंकिंग नहीं बल्कि संस्कार के केन्द्र बनें, जहां विद्यार्थी सामाजिक मूल्यों को सीख सकें।

### मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता की नियुक्ति अनिवार्य

डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य स्तर पर कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए कोचिंग प्राधिकरण की स्थापना की गई है। राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन प्राधिकरण भी बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को तनाव रहित अध्ययन के लिए प्रत्येक कोचिंग संस्थान में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता की नियुक्ति करना और तनाव प्रबंधन के सेशन अनिवार्य होंगे। परिजनों से नियमित संवाद की व्यवस्था की जाएगी। हर जिले में परामर्श के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को पारदर्शी सुविधा मिलेगी और कोचिंग संस्थानों की जवाबदेही तय होगी जिससे एक स्वस्थ शिक्षा प्रणाली की स्थापना हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नियंत्रण के लिए एक वेब पोर्टल बनाया जाएगा जिस पर तमाम कोचिंग संस्थानों की जानकारी आमजन के लिए उपलब्ध होगी, इससे पारदर्शिता आएगी।

## गृह मंत्री ने किया 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में शामिल सुरक्षाकर्मियों का सम्मान

# सरकार नक्सलियों के सफाए तक चैन से नहीं बैठेगी: शाह

FAIR REPORT

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। शाह ने छत्तीसगढ़ के कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सलियों के खिलाफ 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित करते हुए यह बात कही। शाह ने इस अभियान में शामिल सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड और 'कोबरा' बल के जवानों से मुलाकात की और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों द्वारा दिखाई गई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने ऊंचे मनोबल के साथ अभियान चलाया।



### गंभीर रूप से घायल सुरक्षाकर्मियों की मदद

शाह ने कहा कि निरंतर नक्सल विरोधी अभियानों के कारण, पशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक 'नया सूर्योदय' हुआ है। उन्होंने भी कहा कि मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और उनका जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

### 20 नक्सलियों ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 11 पर कुल 33 लाख रुपए का इनाम था। एक अधिकारी ने बताया कि 20 नक्सलियों में से नौ

### नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला को कर दिया था नष्ट

गृह मंत्री ने कहा कि कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति श्रृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने देश के कुछ सबसे कम विकसित क्षेत्रों को भारी नुकसान पहुंचाया है, स्कूलों, अस्पतालों को बाधित किया है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डाली है।

# आठ लाख रुपए में पर्चा खरीद कर बना थानेदार

FAIR REPORT



**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को अजमेर पुलिस लाइन में तैनात प्रोबेशनर एसआई अशोक सिंह राजपुरोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी नागौर जिले के खींवसर क्षेत्र के हनुमान नगर गांव का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया है कि अशोक सिंह ने 8 लाख रुपए में लीक पेपर खरीदा और पहली ही प्रतियोगी परीक्षा में सीधे थानेदार बन गया। एसओजी-एटीएस के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि अशोक सिंह ने एसआई भर्ती परीक्षा से पहले पेपर लीक गैंग के सदस्य विनोद कुमार रेवाड़ से संपर्क किया था। रेवाड़ ने उसे व्हाट्सएप के जरिए सॉल्वड पेपर उपलब्ध कराया। अशोक ने यह पेपर पढ़कर 14 सितंबर 2021 को आयोजित परीक्षा दी और कुल 310.39 अंक प्राप्त किए। इसी आधार पर वह 396 वीं रैंक से एसआई पद पर चयनित हुआ। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। खास बात यह है कि अशोक का पुलिस भर्ती से कोई पूर्व अनुभव नहीं था। उसने न तो कोई प्रतियोगी परीक्षा दी थी और ना ही कोचिंग ली थी।

बी.टेक करने के बाद वह अपने बड़े भाई के साथ डूंगरी खुर्द गांव में जोधपुर मिष्ठान भंडार नामक रेस्टोरेंट पर काम करता था। इसी दुकान पर पेपर लीक गैंग का सदस्य विनोद रेवाड़ अक्सर कचोरी खाने आता था। यहीं से दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी और फिर रेवाड़ ने अशोक को आठ लाख में पेपर ऑफर किया। विनोद ने अशोक को ही नहीं, बल्कि अपने गांव के पास के सुभाष मुवाल को भी लीक पेपर दिया था। सुभाष भी एसआई बन गया, लेकिन विनोद की गिरफ्तारी के बाद सुभाष अलवर पुलिस लाइन से फरार हो गया। विनोद रेवाड़ पर एसआई पेपर लीक मामले में 50 हजार रुपए का इनाम था। वह जयपुर जिले के डूंगरी कला गांव का रहने वाला है। पहले यह अपने गांव में 12वीं तक का निजी स्कूल चलाता था और वहीं से उसने पेपर लीक का खेल शुरू किया। बताया जा रहा है जयपुर से 80 किलोमीटर दूरदराज इलाके में स्कूल होने पर भी यह मिलीभगत करते अपने स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं के सेंटर लेकर आता था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इसने यहां हुई प्रतियोगी परीक्षाओं में भी फर्जीवाड़ा किया था।

## पिंकसिटी बनी 'वाटर सिटी'

# हर तरफ पानी ही पानी... लोगों को करना पड़ा भारी परेशानियों का सामना

FAIR REPORT

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बुधवार को दो घंटे की मूसलाधार बारिश ने पिंकसिटी को जलमग्न कर दिया। पुराने शहर से लेकर पॉश इलाकों तक सड़कों पर 4 से 5 फीट तक पानी भर गया, जिससे जनजीवन ठप हो गया। तेज बारिश से पुराने शहर के हवामहल, चांदी की टकसाल से लेकर बाहरी इलाकों जैसे मालवीय नगर, टोंक रोड और मोती डूंगरी तक सड़कों पर 4 से 5 फीट पानी जमा हो गया। गलता तीर्थ में 15-20 श्रद्धालु पानी के बहाव में फंस गए, जिन्हें सिविल डिफेंस ने रेस्क्यू किया। वहीं एसएमएस और जेके लोन अस्पताल में जलभराव से मरीज परेशान रहे। जवाहर सर्किल, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग पर सड़कें नदियों में तब्दील हो गईं। खराब ड्रेनेज सिस्टम ने हालात को और बिगाड़ा। हालांकि लगातार हो रही बारिश से रामगढ़ बांध में पानी की आवक हुई है।




### अस्पतालों में पानी भरने से मरीज परेशान

सवाई मानसिंह और जेके लोन हॉस्पिटल में भारी बारिश के कारण जलभराव से मरीज परेशान हुए। एसएमएस के डीडीसी काउंटर 10, 11 और बिलिंग काउंटर के पास पानी भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयां लेने और बिलिंग में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण मरीजों को गीले और असुरक्षित रास्तों से गुजरना पड़ा, जिससे उनकी तकलीफ बढ़ी। अस्पताल प्रशासन ने जल निकासी के प्रयास किए, लेकिन भारी बारिश के कारण स्थिति नियंत्रण में लाने में देरी हुई। वहीं जेके लोन अस्पताल के बाहर तीन से चार फीट पानी भरने से अस्पताल आने-जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ी।

## आगरा से आए चोर दौसा में दबोचे

# 400 साल पुराने राधा-गोविंद मंदिर में चोरी का पर्दाफाश

FAIR REPORT

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके के केशुपुरा गांव स्थित 400 साल पुराने राधा-गोविंद मंदिर में चोरी करने वाले चार शातिर बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। चोर मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां, मुकुट, छत्र, पोशाकें, दानपात्र की नकदी सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रक में सवार होकर भाग निकले, लेकिन पुलिस ने इन सभी को दौसा के पास से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी कुंदन सिंह पिनाहट, आगरा, अनिल, रघुवीर सिंह और हाकिम समसाबाद, आगरा के रहने वाले हैं। आरोपी रघुवीर खुद ट्रक चलाता है और वारदात के लिए अपने साथियों को जयपुर लाया था। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मंगलवार तड़के मंदिर के पुजारी रामस्वरूप शर्मा जब पूजा के लिए पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो कई मूर्तियां, छत्र, मुकुट, दानपात्र में रखी नकदी और पोशाकें गायब थीं। मामला दर्ज होने के बाद एडीसीपी आलोक सिंघल के नेतृत्व में बनी टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो मंदिर के पास एक संदिग्ध ट्रक नजर आया। फुटेज के आधार पर ट्रक की पहचान कर उसकी मूवमेंट ट्रेस की गई। इस पर पुलिस ने दौसा के पास ट्रक को पकड़ लिया।

# किसानों का सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

FAIR REPORT

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमारी योजनाएं और नीतियां किसानों का सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ विकसित राजस्थान-2047 की यात्रा में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी बजटीय घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करें जिससे किसानों और पशुपालकों को धरातल पर उसका लाभ मिल सके।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी तथा गोपालन विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि को रोजगारोन्मुखी व्यवसाय बनाने के दृष्टिगत दूरगामी निर्णय ले रही है। शर्मा ने कृषि में उन्नत तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के साथ ही किसानों के लिए सुविधाओं एवं सेवाओं में द्रुतगति से विस्तार के लिए विशेष निर्देश दिए।



### ग्राम-2026 के सफल आयोजन के लिए बनाएं कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने ग्लोबल राजस्थान एग्री टेक मीट (ग्राम)-2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कृषि शासन सचिव को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार मिलेट्स को प्रोत्साहन देने के लिए 'श्री अन्न प्रमोशन एजेन्सी' की स्थापना कर रही है। उन्होंने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने और बैलों से खेती करवाए जाने पर प्रोत्साहन राशि दिए जाने के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### मोबाइल वेटेनरी वैन के संचालन की करें निरंतर मॉनिटरिंग

शर्मा ने अधिकारियों को दूध संकलन के दौरान गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखने एवं मिलावटी दूध बनाने में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आरसीडीएफ को उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, पशु चिकित्सा के लिए संचालित मोबाइल वेटेनरी वैन की निरंतर मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। शर्मा ने पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए दवाओं की नियत दरों पर ही उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया।

### राजकीय संसाधनों का हो विवेकपूर्ण उपयोग

मुख्यमंत्री ने राजकीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि भूमि की अनुपलब्धता पर नए प्रोजेक्ट्स के लिए सरकारी अनुपयोगी इमारतों का उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला कलेक्टर की एनओसी के बाद ही भूमि का आवंटन किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्थान किसान आयोग के वर्ष 2025 के अंतरिम प्रतिवेदन का विमोचन किया। इस दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


### कस्टम हायरिंग सेंटर का हो व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को उचित दर पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में 1 हजार कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन सेंटर्स के संचालन के लिए एफपीओ को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, जीएसएस, केवीएसएस और पंचायत द्वारा भी संचालन की जिम्मेदारी पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना से पूर्व अन्य राज्यों के मॉडल का परीक्षण करने और श्रेष्ठ मॉडल को लागू करने के लिए निर्देशित भी किया। साथ ही, इन सेंटर्स के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।

### ई-मण्डी प्लेटफॉर्म से किसान की बाजार तक होगी सुगम पहुंच

शर्मा ने कहा कि किसानों के खेत से ही फसल की सीधी खरीद और उसे तत्परता से विक्रय करने के लिए ई-मंडी प्लेटफार्म का नवाचार किया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उनका आर्थिक रूप से सशक्तिकरण होगा। उन्होंने अधिकारियों को पंचायत स्तर पर ई-मंडी प्लेटफार्म में फसल के भण्डारण के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों के प्रभावी संचालन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में आवश्यक कदम उठाने के लिए भी निर्देश दिए।

### पुस्तक "अभ्युदय की ओर" की प्रति भी भेंट



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों की राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने एक वर्ष के कार्यकाल के आलोक में प्रकाशित पुस्तक "अभ्युदय की ओर" की प्रति भी भेंट की।*

**बारिश से प्रभावित इलाकों में राहत कार्य तेज**

## कलेक्टर की निगरानी में राहत-बचाव कार्य, जरूरतमंदों को राशन और फूड पैकेट हो रहे है वितरित



FAIR REPORT

**जयपुर।** जिले में विगत दिनों हुई लगातार बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालात से निपटने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ. सोनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उनके निर्देश पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन कर त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी राहत कार्यों में लगाया गया है। अति प्रभावित क्षेत्रों से आमजन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रभावित परिवारों को राशन किट एवं फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीन, पंप सेट और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कोटखावदा क्षेत्र में विशेष तैनाती की गई है ताकि राहत कार्यों की गति बढ़ाई जा सके। जलभराव और रपट वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं तथा लाउडस्पीकर से आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा वर्षा से हुए फसल खराबे का भी जायजा लिया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों की टीम गांव-गांव जाकर नुकसान का सर्वे कर रही है और रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत कर रही है ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा जारी किया जा सके। साथ ही आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को लगातार सक्रिय है ताकि किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता मांगने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## जयपुर में हुआ राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट–2025 की स्टेकहोल्डर्स मीट का आयोजन




### 12 से 14 सितंबर को होगा आरडीटीएम-2025, पर्यटन विशेषज्ञों ने साझा किया विज़न

FAIR REPORT

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) 2025 के पांचवें संस्करण की स्टेकहोल्डर्स मीट का आयोजन मंगलवार को आईटीसी राजपूताना, जयपुर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव और आयुक्त रुक्मणि रियार रहीं। एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, महासचिव सीए वीरेंद्र एस. शेखावत सहित पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े अनेक विशेषज्ञ, इंडस्ट्री लीडर्स और संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में आरडीटीएम–2025 की रूपरेखा पर चर्चा हुई और पर्यटन उद्योग के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया गया। प्रमुख शासन सचिव यादव ने कहा कि राजस्थान पर्यटन के लिए हमेशा शीर्ष पसंद रहता है और राज्य सरकार ढांचागत सुविधाओं के विकास और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विकास कार्यों पर पाँच वर्षों में पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

यादव ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने जिलों में संभावित पर्यटन स्थलों की पहचान कर व्यापक ऑडिट करवाए। उन्होंने ग्रामीण पर्यटन और नए डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र एक परिवार की तरह है और सहयोग से ही यह और सशक्त होगा। आयुक्त रियार ने बताया कि 2019 से 2025 के बीच पर्यटन क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है और अब समय है कि आरडीटीएम को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए।

#### आरडीटीएम का महत्व -

आरडीटीएम के पिछले संस्करण में 240 से अधिक राष्ट्रीय बायर्स और 280 राजस्थान-आधारित सेलर्स ने भाग लिया था। इस दौरान 7,000 से अधिक बी2बी मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिससे होटल बुकिंग्स, क्यूरेटेड अनुभवों और डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए कई प्रभावशाली लीड्स प्राप्त हुईं। इस मंच ने राज्य के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देने में अपनी प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से सिद्ध की है।

#### इस पहल से जुड़ें

आरडीटीएम 2025 से इस वर्ष और अधिक सहभागिता और व्यावसायिक अवसरों की अपेक्षा की जा रही है। जो भी हितधारक अपनी सेवाओं और उत्पादों को प्रस्तुत करना चाहते हैं, अग्रणी बायर्स से जुड़ना चाहते हैं और राजस्थान के पर्यटन विकास की यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे एफएचटीआर की वेबसाइट https://fhtr.in पद पर पंजीकरण कर सकते हैं।

## जल झूलनी एकादशी पर भक्ति के रंग में रंगा सांवलिया धाम

**इंद्रदेव ने भी झमाझम बरसकर किया सत्कार**



FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़। (मनीष मालानी)** चित्तौड़गढ़-मेवाड़ की आस्था के प्रतीक श्री सांवलिया सेठ मंदिर में बुधवार को जल झूलनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई। भगवान श्री सांवलिया सेठ के बाल विग्रह की शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकली तो मानो पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। इस दौरान झमाझम बारिश ने भक्तों की श्रद्धा को और भी प्रबल कर दिया।

रजत रथ में विराजित सांवलिया सेठ की शोभायात्रा जैसे ही नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई, गलियां जय कन्हैया लाल की, सांवलिया सेठ की जय के जयकारों से गूंज उठीं। हाथी-घोड़ा-पालकी, बैंड-बाजे और गुलाल-अबीर की महक ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। भक्त नृत्य करते हुए भगवान के साथ नगर भ्रमण में शामिल हुए और हर दृश्य भक्ति व आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा था। सांवलिया सरोवर घाट पर भगवान के जल स्नान और विशेष पूजा संपन्न हुई। इस दौरान इंद्रदेव की बरसात ने पूरे वातावरण को भक्ति और भाव से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं का मानना रहा कि मानो स्वयं प्रकृति भी इस अलौकिक क्षण की साक्षी बनी।

मंदिर बोर्ड चेयरमैन जानकीदास, मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम, बोर्ड सदस्य, हजारों ग्रामीण और श्रद्धालु इस अनूठे आध्यात्मिक अनुभव के साक्षी बने। गुरुवार को मीरा रंग मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय जल झूलनी एकादशी मेले का समापन होगा। इस अवसर पर दिव्यांगजन को स्कूटी वितरण और प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## ऑपरेशन 'चक्रव्यूह: प्रतापगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 3 साल से फरार दो इनामी तस्करों को दबोचा

- 20-20 हजार के इनामी अभियुक्त कमल राणा गैंग के सदस्य, 803 किलो डोडाचूरा और 20 किलो अफीम मामले में थे फरार

FAIR REPORT

**जयपुर।** पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए गए ऑपरेशन 'चक्रव्यूह' के तहत छोटीसादड़ी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दो कुख्यात और तीन साल से फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों तस्करों गजेंद्र उर्फ गज्जू और मगाराम जाट पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। ये दोनों कमल राणा गिरोह के अहम सदस्य माने जाते हैं।

एसपी आदित्य ने बताया कि इन दोनों अभियुक्तों की तलाश लंबे समय से की जा रही थी। ये आरोपी 25 मार्च 2023 को कारुंडा चौराहे पर नाकाबंदी तोड़कर भाग निकले थे। उस समय उनकी दो स्कॉर्पियो गाड़ियों से 803 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा और 20 किलोग्राम अफीम बरामद की गई थी। उस घटना के बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे।



पुलिस को सूचना मिली थी कि ये दोनों आरोपी बालोतरा की उप-जेल में बंद हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गजेंद्र उर्फ गज्जू (35) बायतु बालोतरा निवासी और मगाराम पुत्र खेताराम जाट निवासी शिवपुरा नेहरा का बास थाना आरजीटी बालोतरा के रूप में हुई है। इस सफल अभियान में छोटीसादड़ी पुलिस टीम में एसएचओ प्रवीण टांक, उपनिरीक्षक नारायण लाल, कांस्टेबल तेजपाल और हरेंद्र सिंह शामिल थे।

# The Padel Revolution: From Mexican Courts to Global Phenomenon

"How a 50-year-old sport is becoming the world's fastest-growing racquet game"

FAIR REPORT




### THE UNSTOPPABLE RISE OF PADEL

What began as a backyard experiment in Mexico in the 1960s has transformed into one of the world's fastest-growing sports. Padel, a unique hybrid of tennis and squash played on an enclosed court roughly one-third the size of a tennis court, is experiencing unprecedented global expansion that shows no signs of slowing down. The International Padel Federation (FIP) reports around 30 million people playing padel worldwide - a 2.5× increase in a decade, making it one of the fastest-growing sports globally. The numbers tell a compelling story of exponential growth: the Global Padel Sports Market size was USD 225.02 Million in 2024 and is projected to reach USD 248.19 Million in 2025, ultimately rising to USD 543.74 Million by 2033, exhibiting a CAGR of 10.3%.

### ORIGINS: FROM ACCIDENT TO GLOBAL SPORT

Padel's origin story reads like a happy accident that changed the sporting world. In 1969, Mexican businessman Enrique Corcuera found himself with limited space at his Acapulco home and decided to modify his tennis court by adding walls. This creative solution to a spatial constraint inadvertently created an entirely new sport that combined the strategic elements of tennis with the tactical wall play reminiscent of squash.

The sport quickly caught the attention of Corcuera's friend, Spanish Prince Alfonso de Hohenlohe, who brought padel to Spain's Marbella Club in the 1970s. From there, it spread throughout Spain and eventually across Europe and Latin America, creating the foundation for today's global padel community.

### THE ANATOMY OF DIFFERENCE

While padel shares DNA with tennis and squash, its unique characteristics set it apart from other racquet sports. Played on a court measuring 20x10 meters (compared to tennis's 23.77x8.23 meters for singles), padel courts are enclosed by walls and mesh fencing that become integral parts of the game. Players use solid paddles without strings, and the ball can be played off the walls, creating a dynamic three-dimensional game that emphasizes strategy, placement, and teamwork over raw power.

The sport is exclusively played in doubles format, fostering a social atmosphere that has become one of its greatest selling points. Unlike tennis, where individual strength can dominate, padel rewards tactical thinking, precise shot placement, and team coordination, making it accessible to players of varying skill levels and ages.

### LATEST TRENDS SHAPING THE GAME

The padel revolution is being driven by several key trends that are reshaping the sporting landscape. Gen Z and Millennials are leading the charge, with 19% and 15% participation rates, respectively. The sport's social aspect and smaller court size make it appealing to younger players, while technological innovations are enhancing the playing experience.

One of the most notable trends last year was the introduction of new padel rackets, implementing more and more technology in each product developed. The new rackets are designed to offer greater performance and comfort, and are helping to attract new players to the sport.

Infrastructure development is another major trend, with an increasing number of courts and clubs being built globally, projected to reach 70,000 padel courts by 2026. This expansion is being fueled by both private investment and public sector support as governments recognise padel's potential for community engagement and sports tourism.

### GLOBAL EXPANSION: A WORLDWIDE PHENOMENON

Europe remains the epicenter of Padel's growth, with Spain leading the charge as the sport's spiritual home. The continent now hosts professional circuits, training academies, and world-class facilities that serve as models for expansion elsewhere. However, the sport's reach extends far beyond European borders.

In the Middle East, countries like the UAE and Qatar are investing heavily in Padel infrastructure as part of their broader sports and tourism strategies. The Americas are experiencing their own padel boom, with Mexico embracing its role as the sport's birthplace while countries like Argentina have become major players in international competition.

### INDIA'S PADEL JOURNEY: BUILDING MOMENTUM

India's relationship with Padel represents one of the sport's most promising growth stories. The popularity is causing waiting lists for booking courts. The sport is administered by the Indian Padel Federation which is affiliated to the International Padel Federation. The federation had organised seven national ranking events as of 2023. The Indian Padel ecosystem is rapidly developing with multiple organizations working to promote the sport. The Indian Padel Federation (IPF) serves as the national governing body for padel in India, collaborating closely with the International Padel Federation (FIP) to regulate and promote the sport according to FIP standards.

Several companies are pioneering Padel's growth in India. Based In Bangalore, InPadel Sports is the First Company to introduce the sport of Padel in India by offering state-of-the-art services, while other organizations like Play Padel and Padel Park are establishing courts and academies across major cities.

Padel Tennis Federation was founded in 2017 by a team of Padel enthusiasts, professionals and Padel players from Spain and India, demonstrating the international collaboration driving the sport's development in the country.

### LEADING ORGANIZATIONS AND COMPANIES

The global Padel ecosystem is supported by several key organisations that are driving the sport's development and commercialisation. At the international level, the International Padel Federation (FIP) serves as the governing body, working with national federations to standardise rules and promote growth. Commercial organisations are playing crucial roles in expansion. Playtomic has emerged as a leading platform for court bookings and Padel community building, regularly publishing comprehensive reports on the sport's growth. The World Padel Tour (WPT), established in 2014, has professionalized the sport and created a global circuit that attracts top players and sponsors.

Equipment manufacturers like Bullpadel, Head, and Babolat have developed specialized padel divisions, investing in research and development to create technology-enhanced racquets and gear that improve player performance and attract new participants.

### The Future Court

As Padel continues its remarkable growth trajectory, the sport faces both opportunities and challenges. The rapid expansion has sometimes outpaced infrastructure development, creating demand that exceeds supply in many markets. However, this presents opportunities for entrepreneurs, sports facility developers, and investors looking to capitalize on one of sport's most compelling growth stories.

The sport's inclusion in major sporting events and potential Olympic recognition could provide additional momentum, while technological innovations in equipment, court surfaces, and digital platforms continue to enhance the playing experience.

With the global Padel market size forecasted to reach USD 0.87 billion by 2033 from USD 0.29 billion in 2024, registering a CAGR of 12.93%, Padel's transformation from backyard curiosity to global phenomenon appears to be just the beginning of a much larger story. As courts multiply across continents and new players discover the unique joy of Padel's social, strategic gameplay, Enrique Corcuera's space-saving solution from 1969 continues to reshape the modern sporting landscape, one serve at a time.

## "BIS Standards Arena" inaugurated at MNIT Jaipur Central Library

FAIR REPORT

**Jaipur:** The Bureau of Indian Standards (BIS) inaugurated the "BIS Standards Arena" at MNIT Jaipur's Central Library. BIS DG Pramod Kumar Tiwari highlighted its role in promoting standardization and quality. The center will offer access to BIS publications and help integrate standards into academics, enhancing students' understanding and application of technical standards in their professional careers.

## NGT Imposes ₹38.70 Crore Fine on Ajmer Municipal Corporation Over Ana Sagar Lake Pollution



**Ashish Vyas**

*Ajmer Correspondent*

FAIR REPORT

Untreated sewage flowed into the lake for three years; penalty calculated at 25,000 per drain per day

**Ajmer:** The National Green Tribunal (NGT) has imposed a penalty of 38.70 crore on the Ajmer Municipal Corporation for failing to prevent untreated sewage from entering the historic Ana Sagar Lake. The tribunal found that between April 1, 2020, and July 5, 2023, untreated sewage from 13 city drains was directly discharged into the lake, despite the corporation's claim that no sewage was flowing in.

Babu Lal Sahu, National President of the BPL Party, said the fine was determined on the basis of a detailed report submitted by the Rajasthan State Pollution Control Board (RSPCB). The board calculated compensation at 25,000 per drain per day, covering a total of 1,191 days.

As per NGT's order, the Ajmer Municipal Corporation must deposit the amount within 60 days through a demand draft at the RSPCB office in Kishangarh, payable to the Member Secretary, RSPCB, Jaipur. Failure to comply will result in the cancellation of all operational and establishment consent licenses. Legal proceedings will also be initiated before the NGT, with an additional interest of 1.5% per month levied after the deadline. The tribunal further warned that criminal proceedings under the Water and Air Acts could follow, carrying penalties including imprisonment of 1.5 to 6 years along with heavy fines.

In its sharp observation, the NGT noted that negligence by the municipal body has led to the continued deterioration of Ana Sagar Lake — a historic landmark and a vital source of livelihood for thousands in Ajmer.

## NWR Launches Special Drive to Improve Catering Services



**Sushil Pal**

FAIR REPORT

Inspections from August 30 to September 5: Unauthorized vendors fined, non-approved brands seized, stalls sealed, passenger feedback collected

**Jaipur:** To enhance passenger convenience and ensure better catering services, North Western Railway (NWR) has launched a special drive at headquarters and divisional levels from August 30 to September 5. The campaign focuses on inspecting catering units, taking action against unauthorized vendors, and banning the sale of non-approved food brands.

According to Shashi Kiran, Chief Public Relations Officer of NWR, the primary objective of this initiative is to address passenger complaints and improve food quality. Officials from Ajmer, Bikaner, Jaipur, and Jodhpur divisions have been directed to carry out inspections. Passenger feedback is also being actively collected during the drive.

On the very first day of the campaign, several unauthorized vendors were caught and fined. Action was taken against vendors found selling food illegally in trains no. 14701, 14802, and 19611. At Beawar station, 80 boxes of non-approved packaged water and unauthorized beverages from a stall were seized, and the stall was immediately sealed. At Ajmer station too, a large quantity of non-approved water was confiscated, with Railway Protection Force (RPF) and commercial inspectors instructed to initiate necessary action. NWR has clarified that only catering brands approved by the railway are permitted for sale at stations and onboard trains. The railway will continue such inspection drives to ensure passengers receive hygienic and quality food services.

## Gen Z's AI Revolution: Learning in Lakhs, Thinking in Seconds



**Aashcharya Tiwari**

*(YouthMedia Analyst & Digital Commentator)*

Walk into any classroom today and you won't just see books and notes, you'll see ChatGPT on mobile screens, AI flashcard apps, and students who can summon answers in seconds. For Gen Z, AI isn't futuristic, it's everyday reality. And they're not dabbling. They're diving in by the millions. Recent surveys confirm it: nearly 77% of Gen Z use AI weekly, and 97% have tried it at least once. From brainstorming essays to planning careers, this is a generation learning at scale,in lakhs, in real time.

### WHY GEN Z LOVES AI

Ask a 20-year-old why they lean on ChatGPT, and the answers are blunt:

"It saves time."

"It explains faster than teachers."

"It helps me think when I'm stuck."

The data backs this: 51% use AI for ideas, 45% for research, 35% for proofreading. For college students, it's even bigger, 78% integrate AI into their studies, often using it daily for assignments, projects, and presentations.

### THE SHADOW SIDE

But here's the catch: schools and universities are lagging behind. Only half of institutions have clear AI policies. The result? Chaos. Students are left guessing: Is using ChatGPT smart, or is it cheating? Critics worry about intellectual laziness, that Gen Z might be outsourcing thinking itself. There's truth here: studies show AI boosts performance on assignments but doesn't always build deeper understanding. And employers are watching. Will this generation know how to think without AI's crutch?

### ThE REAL STORY

This isn't about "cheating tools." That debate is yesterday's news. The sharper question is: Can India's schools, universities and policymakers keep up with the speed at which Gen Z has already adopted AI? Because the truth is, the genie is out of the bottle. Gen Z won't stop using AI, they'll only get better at it. The real risk isn't overuse; it's mismanagement. If institutions fail to guide AI use, they'll raise a generation of copy-pasters instead of creators.

### Where We Go From Here

Stop the Panic, Start the Policy – Clear rules on when and how AI can be used. No ambiguity. Teach AI Literacy – Not just "use it" but how to question, verify, and build on AI outputs. Blend AI with Human Mentorship – Machines can suggest. Teachers must still inspire.

Redefine Success – Grades alone won't cut it. The next decade belongs to those who can think with AI, not just through AI.

Gen Z is already ahead. They're not waiting for permission. They're learning, creating, and thinking in lakhs, with ChatGPT and AI as their accelerators. The challenge isn't their dependence. The challenge is whether our education system can match their speed before it's too late.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.